सावन सोमवार | कांवड़ियों ने निकाली कांवड़ यात्रा, किया जलाभिषेक, सिहोरा, बेलखाडू, कटंगी, कंदराखेड़ा सहित आसपास के शिवालयों में हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान

भगवान भोलेनाथ के जयकारों से गूंजे शिवालय

नवभारत, सिहोरा। श्रावण मास के पहले सोमवार के मौके पर गोसलपुर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र के स्थित शिवालयों में प्रात: काल से भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का पूजन-अर्चन कर जलाभिषेक किया।

सोमवार के दिन सुबह से लेकर देर शाम तक शिवालियों में भक्तों की भीड़ देखने को मिली। वहीं हर वर्ष की भांति महाकाल कांवड़ ग्रुप गोसलपुर के शिवभक्तों ने हिरन नदी के घाट सिमरिया से विधि-विधान के साथ पवित्र जल भरकर कांवड़ यात्रा प्रारंभ की शिवभक्तों ने पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और 'बम-बम भोले के जयघोष के साथ भक्तिमय वातावरण बनाया।

सुबह तड़के से शुरू हुआ पूजन-अर्चन

कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालु नंगे पैर पवित्र जल लेकर सूर्य मंदिर एवं रामसागर तालाब स्थित शिव मंदिर पहुँचे, जहाँ भगवान शिव का श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की गई कांबड यात्रा में युवाओं बुजुर्गों एवं शिवभक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजक मनीष साहू ने बताया की कांवड़ यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव की आराधना के साथ समाज में धार्मिक आस्था सद्भाव एवं एकता का संदेश देना है यात्रा शांतिपूर्ण एवं श्रद्धामय वातावरण में संपन्न हुई।

कांवड़ यात्रा में मनीष साहू, महेश सोनी, कैलाश नामदेव, हेमंत तिवारी, नंदू बर्मन, दिनेश काछी, राहुल विश्वास, विजय पाटकर, अमित चक्रवर्ती, गया चक्रवती, रामजी श्रीवास शामिल थे।

बाबाताल में लगा भक्तों का तांता, पार्थिव शिवलिंग बनाकर किया अभिषेक

नवभारत, सिहोरा। श्रावण मास के पहले सोमवार को सिहोरा खितौला के शिवालयों में जहां भक्तों ने भोलेनाथ का पूजन अर्चन किया।

शिवमंदिर बाबाताल में सुबह से लेकर शाम तक हर हर महादेव ओम नम: शिवाय की गूंज होती रही तथा भक्तों का तांता लगा रहा। अनेक भक्तों ने उपवास रखकर घर घर में ही शिव शंकर का पूजन अर्चन किया।

मंदिरों में रही भीड़- सिहोरा खितौला के आधा दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने जाकर दर्शन किए एंव अभिषेक किया। नरसिंह मंदिर खितौला में भी महंत गोविंद दास महाराज, पुजारी बांके बिहारी दास सहित अनेक भक्तों ने भोलेनाथ का रुद्राभिषेक किया गया।

भक्तों ने बनाएं पार्थिव शिवलिंग-अति प्राचीन शिवमंदिर बाबाताल में ब्राह्मण समाज सिहोरा के तत्वावधान में पहले सोमवार को सुबह 7 बजे से 12 बजे तक पार्थिव शिवलिंग निर्माण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी वर्ग के महिला, पुरुषों बच्चों, युवतियों आदि ने एकत्र होकर हजारों शिवलिंग का निर्माण कर पूर्ण विधी विधान से उनका अभिषेक पूजन अर्चन कर हिरन नदी मझंगवा घाट में विर्सजन किया।

ये रहे उपस्थित-आयोजन को सफल बनाने में ब्राह्मण समाज के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक, जय प्रकाश दुबे, नंदकिशोर परोहा,अध्यक्ष राकेश पाठक, महामंत्री प्रवीण कुररिया, सुरेन्द्र तिवारी, नरेन्द्र त्रिपाठी, राजकिशोर तिवारी, संजू दुबे, प्रमोद बर्मन सहित अनेक भक्तों का सराहनीय योगदान रहा।

बेलखाडू से मॉल बाबा मंदिर तक निकली झंडा यात्रा

बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं हुए शामिल

नवभारत,बेलखाडू। पवित्र श्रावण मास के शुभारंभ पर ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति भाव से अनेकों प्रकार के धार्मिक आयोजन आज पहले सावन सोमवार के दिन जारी रहे। बेलखाडू ग्राम में एक विशाल ध्वज के साथ समूचे ग्राम का डीजे, बैंडबाजों के साथ महिलाएं, पुरुष, बच्चों ने हाथों में झंडे लेकर जयकारे लगाते हुए भ्रमण कर खेरमाई मंदिर, आश्रम स्थल पर पूजन किया। इसके साथ खैरी ग्राम स्थित मॉल बाबा मंदिर तक झंडा यात्रा निकाली गई। यहां पहुंचकर मॉल बाबा शिवलिंग का पूजन कर भंडारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेंद्र पटेल बाबा, अनूप पटेल, मयूर पटेल, मेघा पटेल, राजू नगाइच,राकेश नगाइच, गजराज सिंह ठाकुर, मदन तिवारी,राज पटेल, सतेंद्र ठाकुर,गुलाब पटेल,रमन नामदेव, नाना पटेल, जित्तू साहू, डब्बू, रामसिंग सहित बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

कटंगी में 17 को निकलेगी कांवड़ यात्रा

नवभारत,कटंगी जबलपुर। श्रावण मास के पावन अवसर पर शिव शंकर मंदिर लोक कल्याण न्यास कटंगी के तत्वावधान में 15वीं गौरवशाली विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन 17 अगस्त सोमवार को किया जाएगा। यह भव्य यात्रा ग्वारीघाट से कटंगी तक निकाली जाएगी। जिसमें हजारों शिवभक्त एवं कांवड़ यात्री भगवान भोलेनाथ के जयकारों के साथ शामिल होंगे। आयोजकों के अनुसार यात्रा का उद्देश्य भगवान शिव की भक्ति, सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार तथा सामाजिक एवं धार्मिक एकता का संदेश देना है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु ग्वारीघाट से पवित्र नर्मदा जल लेकर कटंगी स्थित श्री शिव शंकर मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। श्रद्धालुओं के लिए पंजीयन, आवागमन, सुरक्षा, चिकित्सा सहायता एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक शिवभक्तों से इस धार्मिक यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

कटंगी मंदिरवाड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत कटंगी । श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर नगर के मंदिरवाड़ा स्थित भगवान भोलेनाथ के प्राचीन मंदिर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रात:काल से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लग गईं। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, बेलपत्र, धतूरा एवं पुष्प अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं विश्व कल्याण की कामना की।

लम्हेटाघाट से नर्मदा जल लेकर बेलखाडू पहुंचे कांवड़िए, तपती धूप में पैदल चले शिवभक्त

बेलखाडू नवभारत। पवित्र सावन माह की शुरुआत और उसके पहले सोमवार को आदिदेव महादेव भगवान भोलेनाथ के पूजन को लेकर सुबह से उत्साह रहा। घरों में व्रतधारी महिलाओं, युवाओं के साथ ग्रामीणों ने विधिवत पूजन-अर्चन किया एवं मंदिरों में जाकर दर्शन किये। इसी क्रम में सोमवार को बड़ी संख्या में पुरुष-महिलाएं और बच्चे रात में लम्हेटाघाट पहुंचे प्रात: मां नर्मदा के पूजन अर्चन उपरांत कांवड़ में जल भरकर 33 किमी की तपती सड़क में पैदल चलकर लौटे। विशाल जुलूस में डीजे साउंड के साथ बम भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए बेलखाडू लौटे कांवड़ियों का स्वागत किया गया। शासकीय स्कूल के बाजू से स्थित मंदिर में स्थापित शिवलिंग का विशेष जलाभिषेक किया गया। एक दिन पूर्व मंदिर स्थल को विशेष रूप से सजाया गया था। यहां बड़ी संख्या में पुरुष महिलाएं और बच्चे उपस्थित रहे।

राजुल स्टेट कॉलोनी कंदराखेड़ा में रुद्राभिषेक एवं महाप्रसाद का आयोजन

कंदराखेड़ा नवभारत। श्रावण मास के पवित्र और पावन सोमवार के अवसर पर कंदराखेड़ा स्थित राजुल स्टेट कॉलोनी के परिसर में बने शिव मंदिर में विशेष रुद्राभिषेक और महाप्रसाद भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में कॉलोनी के सभी रहवासियों और समिति के सभी पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यजमान के साथ-साथ कॉलोनी के अन्य सभी सदस्यों ने भी पूर्ण श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। इस आयोजन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे संपूर्ण परिसर भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा।

रुद्राभिषेक और सामूहिक आरती के उपरांत उपस्थित सभी भक्तों के लिए महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।

इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में समिति के सभी प्रमुख अधिकारी व सदस्यगण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे, जिनमें दीपक पाल , मुन्ना कुमार,अखिलेश सिंह अरेले राहुल , रोहित सोनी, शिव कोरी सहित अनेक कॉलोनीवासी उपस्थित रहे।

नि :शुल्क जांच शिविर में 71 लोगों का परीक्षण कर बांटी दवाएं

नवभारत, जबलपुर। शासकीय आयुर्वेद औषधालय महाराजपुर में जिला आयुष अधिकारी के निर्देशानुसार निशुल्क बोन मिनरल डेंसिटी जांच शिविर लगाया गया, जिसमें लाभ उठाने वाले 71 महिला-पुरुषों का निशुल्क परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। इस शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्येंद्र सिंह द्वारा आए हुए जनमानस को बताया गया कि बीएमडी टेस्ट के द्वारा हड्डियों के अंदर मौजूद कैल्शियम और दूसरे खनिजों की मात्रा को मापा जाता है। उन्होंने जानकारी दी कि यह जांच मुख्य रूप से हड्डियों की मजबूती, कमजोरी और ऑस्टियोपोरोसिस का पता लगाने के लिए की जाती है, जिसके साथ ही उपस्थित लोगों को योग, प्राणायाम व उचित आहार-विहार की सलाह दी गई। इस सेवा शिविर में कंपाउंडर अनिता सिंह, राज विश्वकर्मा और पीटीएस वन्दना बान उपस्थित रहे, जबकि अंत में डॉ. सिंह द्वारा स्थानीय पार्षद गोटिया का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत पर हर्ष

बेलखाडू। मध्य प्रदेश के दतिया और बिहार के बांकीपुर से कांग्रेस प्रत्याशियों की शानदार जीत पर क्षेत्रीय कांग्रेस जन में हर्ष व्याप्त है। बेलखाडू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजीत सिंह परिहार, गजराज सिंह, रवि पटेल, राकेश नगाइच, अमन गोस्वामी, युका अध्यक्ष लकी पटेल भरत साहू, अरविंद पटेल, सोनू पटेल, रोहित पटेल, हर्षित यादव, गणेश पटेल गुड्डू, मनोज पटेल, राकेश नामदेव, दशरथ यादव, नीतेश पटेल, सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

हनुमान पहाड़ी मंदिर में लगाई गई लाईट

चिल्हारी। धार्मिक आस्था और जनसेवा का एक सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत करते हुए हनुमान के अनन्य उपासक एवं समाजसेवी दिनेश गुप्ता ने प्राचीन हनुमान पहाड़ी मंदिर, चिल्हारी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है।

पेड़-पौधे प्रदूषण रूपी विष पीकर कर रहे भक्तों की रक्षा

नवभारत, जबलपुर। सतयुग में महादेव ने समुद्र मंथन से निकला हलाहल विष पीकर देवों की रक्षा की थी, ठीक उसी तरह आज कलयुग में उनके गण रूपी पेड़-पौधे वायु में मिल रहे जहरीले प्रदूषण को ग्रहण करके भक्तों की रक्षा कर रहे हैं। स्पष्ट है कि उनके पूरे पूजन विधान में उपयोग होने वाली समस्त सामग्री प्राकृतिक है और सावन महीना इसलिए भी उन्हें प्रिय है। महादेव को हरी-भरी प्रकृति ही पसंद है, इसलिए जितना हो सके पेड़-पौधे अवश्य लगाएं तथा उनकी सेवा जरूर करें। यह प्रवचन विचित्र दास महाराज ने पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं शिव महापुराण के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को सुनाए, जिसकी शुरुआत भव्य शोभायात्रा के साथ हुई। त्रिमूर्ति नगर के राम मंदिर से शुरू हुई यह शोभायात्रा महादेव के जयकारों के साथ अघोरी बाबा मंदिर होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां जगह-जगह इसका स्वागत हुआ। शोभायात्रा के बाद पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक एवं शिव महापुराण की कथा हुई, जिसमें उपस्थित आनंद कुमार, मिथिलेश शुक्ला, पूर्व एमआईसी सदस्य श्रीराम शुक्ला, व्यापारी संघ अध्यक्ष संजय उपाध्याय, अर्चना तिवारी, ज्योति रजक, अर्चना अग्रवाल, यामिनी शुक्ला, पुष्पराज पांडे, गोविन्द राय, रीतेश अग्रवाल और रानी दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को प्रकृति सेवा तथा जल संरक्षण का संकल्प कराया गया।

प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती पर हुआ आयोजन

नवभारत, सिहोरा। शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत भारत में रसायन विज्ञान के जनक, प्रसिद्ध रसायन शास्त्री प्रफुल्ल चंद्र राय की जयंती का आयोजन किया गया।

इस दौरान डॉ. नीता तिवारी के मुख्य आतिथ्य एवं डॉ .जे.पी. सोयाम की अध्यक्षता में एक विशेष जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आचार्य राय के जीवन मूल्य, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और उद्यमिता की प्रेरणादायी यात्रा से परिचित कराना था।

चित्र पर किया माल्यार्पण

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय के चित्र पर माल्यार्पण एवं सरस्वती पूजन-दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। तत्पश्चात मुख्य अतिथि विशेष अतिथि एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर माया पारस का स्वागत किया गया।

स्वदेशी आंदोलन के ध्वजवाहक थे आचार्य राय

मुख्य वक्ता डॉ. जेपी सोयाम ने आचार्य प्रफुल्ल चंद्र राय: विज्ञान, स्वदेशी और उद्यमिता' विषय पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि आचार्य राय केवल एक महान रसायनशास्त्री ही नहीं थे, बल्कि वे स्वदेशी आंदोलन के सच्चे ध्वजवाहक थे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे नौकरी तलाशने वाले बनने के बजाय 'जॉब क्रिएटर' (रोजगार देने वाले) बनने का संकल्प लें।

सरपंच पर लगाया रास्ता रोकने का आरोप

भमक पड़रिया के ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पाटन, नवभारत। ग्राम भमक पड़रिया के ग्रामीणों ने पाटन तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया है कि उनकी ग्राम पंचायत के द्वारा एक निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसके चलते जो रास्ता वर्षों से गांव के लोगों के लिए था वह बंद होने की कगार पर है। वहीं शिकायत करने के बाद भी इसका कोई हल नहीं निकल पा रहा है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में एक सामुदायिक भवन बन रहा है जिसके बगल से एक रास्ता भी निकला है यह सरकारी रास्ता है जिसमें से की गांव वालों का लंबे समय से आना-जाना होता है लेकिन अचानक यहां पर गांव के सरपंच इंद्रकुमार पटेल के द्वारा पिलर खड़े करवाकर निर्माण कार्य कराया जाने लगा है। जिसके चलते अब गांव वालों को यहां से निकलने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने मामले को लेकर तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा और कार्रवाई की मांग की। तहसीलदार सच्चिदानंद त्रिपाठी ने मामले में पटवारी से जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में ग्राम भमक पड़रिया के ग्रामीण मौजूद रहे।

फसल विविधिकरण | पौंड़ी राजघाट में बोई गई तिल फसल का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण

परंपरागत खेती से हटकर वैकल्पिक फसलों को अपनाने किया प्रोत्साहित

पाटन नवभारत। कृषि विभाग द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और मौसम की अनिश्चितताओं से बचाने के लिए चलाए जा रहे 'फसल विविधीकरण' अभियान के सकारात्मक परिणाम अब धरातल पर नजर आने लगे हैं।

विकासखंड पाटन के ग्राम पौंडी राजघाट में क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान कृषि विभाग की टीम ने किसानों से तिल फसल प्रदर्शन के उत्साहजनक रुझान प्राप्त किए।

लिया बारीकी से जायजा

क्षेत्र में भ्रमण के दौरान कृषि अधिकारी डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने कृषक कोमल सिंह के खेत में पहुंचकर कृषि विभाग द्वारा लगवाए गए तिल फसल प्रदर्शन का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान डॉ. त्रिपाठी ने मौके पर मौजूद अन्य किसानों को कोमल सिंह की सफलता का उदाहरण देते हुए परंपरागत खेती से हटकर वैकल्पिक और लाभदायक फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कृषि विभाग के मार्गदर्शन और प्रोत्साहन पर कृषक कोमल सिंह ने इस सीजन में पारंपरिक फसलों के बजाय फसल चक्र में बदलाव किया। उन्होंने विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई उच्च गुणवत्ता वाली किस्म 'गुजरात तिल 6' की 8 एकड़ के बड़े रकबे में बोनी की।

अन्य किसान भी अब फसल विविधिकरण की ओर हो रहे आकर्षित

असमान और अप्रत्याशित मानसून के इस दौर में कम पानी और कम लागत में बेहतर उत्पादन देने वाली 'गुजरात तिल 6' प्रजाति किसानों के लिए एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरी है। कृषि विभाग के इस सफल प्रदर्शन और कोमल सिंह की पहल को देखकर क्षेत्र के अन्य किसान भी अब फसल विविधीकरण की ओर आकर्षित हो रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कृषि अधिकारी डॉ इंदिरा त्रिपाठी के साथ वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पाटन सीमा राउत, कृषि विस्तार अधिकारी, देवआनंद सिंह एवं स्थानीय कृषक मेघराज सिंह, राजपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

कम लागत की फसल हो रही साबित

कृषक कोमल सिंह द्वारा बताया गया कि पिछले वर्षों में मक्का और उड़द की खेती के दौरान कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता था। इस बार बोई गई तिल की फसल पर कोई खास नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा है। पारंपरिक फसलों की तुलना में यह काफी सुरक्षित और कम लागत वाली साबित हो रही है।